**खबर संक्षेप**

### सीएमएचओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ार का किया निरीक्षण



**शहडोल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राजेश मिश्रा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध दवाइयां एवं संसाधनों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों के साथ संवेदनशीलता का व्यवहार करें एवं उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या न हो यह सुनिश्चित करें। साथ ही स्वास्थ्य केंद्र में आए मरीजों से चर्चा कर दी जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सचिन कारखुर सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थिति रहे।

## लोक सेवा आयोग से आए 24 नए डॉक्टरों ने संभाला मोर्चा

# शहडोल के सरकारी अस्पतालों के दिन बहुरे

### प्रशासन की सख्ती आई काम

### ग्रामीण अंचलों से लेकर जिला अस्पताल तक सुधरेगी चिकित्सा व्यवस्था

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय सहित पूरे जिले के सरकारी अस्पतालों में इलाज की आस लेकर आने वाले गरीब मरीजों के लिए एक बहुत बड़ी और राहत भरी खबर है। शहडोल जिला, जो लंबे समय से चिकित्सकों की भारी कमी और लचर स्वास्थ्य व्यवस्था की मार झेल रहा था, उसे अब एक नई जीवनदायिनी ताकत मिली है। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) के जरिए चयनित होकर आए 24 जांबाज और ऊर्जावान चिकित्सा अधिकारियों की जिले में स्थायी पदस्थापना कर दी गई है। सबसे सुखद पहलू यह है कि इन सभी नवनियुक्त डॉक्टरों ने किसी भी तरह की हीलाहवाली न करते हुए अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों में पहुंचकर विधिवत अपना कार्यभार भी संभाल लिया है। इस बड़ी प्रशासनिक सर्जरी के बाद अब जिला चिकित्सालय से लेकर सुदूर ग्रामीण अंचलों के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं का चेहरा बदलने की पूरी उम्मीद जागी है।







### स्थानीय स्तर पर ही मिलेगा मुकम्मल इलाज

विगत कई वर्षों से शहडोल जिले के सरकारी अस्पतालों की यह स्थापित परिपाटी बन चुकी थी कि डॉक्टर न होने का बहाना बनाकर गंभीर तो क्या, सामान्य मरीजों को भी सीधे बड़े शहरों के लिए रेफर कर दिया जाता था। इस अव्यवस्था के कारण गरीब आदिवासियों और ग्रामीणों को भारी आर्थिक और मानसिक प्रताडन्ना झेलनी पड़ती था। कई बार तो समय पर इलाज न मिलने के कारण मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते थे। स्वास्थ्य विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों का दावा है कि इन 24 नए डॉक्टरों की मुस्तैदी के बाद अब इस रेफर करने की बीमारी पर पूरी तरह से लगाम लगेगी। अब स्थानीय स्तर पर ही मरीजों को चौबीस घंटे आपातकालीन सेवाएं और बेहतर बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) की सुविधाएं मिल सकेंगी।

### कोने-कोने में तैनात हुए डॉक्टर

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) कार्यालय द्वारा जारी की गई आधिकारिक सूची के अनुसार, इन नए डॉक्टरों की तैनाती में पूरी पारदर्शिता बरती गई है और किसी भी तरह के राजनीतिक या रसूखदार दबाव को दरकिनार किया गया है। जिले के उन दूरस्थ अंचलों को प्राथमिकता दी गई है, जहां पद सालों से रिक्त पड़े थे। इन डॉक्टरों को मुख्य रूप से जिला चिकित्सालय शहडोल, सिविल अस्पतालः ब्यौहारी, बुढ़ार और जयसिंहनगर। सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रः गोहपारू, सिंहपुर, पपौंध, सिरौजा, धनपुरी, जैतपुर, बाणसागर, करकटी, निपनिया और बेलदरा स्वास्थ्य केंद्रों में अपनी सेवाएं देने के लिए भेजा गया है।

### ग्रामीण इलाकों के लिए संजीवनी

शहडोल का एक बड़ा हिस्सा आदिवासी बाहुल्य और बीहड़ ग्रामीण क्षेत्रों में आता है। यहां के लोग बुनियादी प्रसव सुविधाओं और बच्चों के टीकाकरण जैसी जरूरी सेवाओं के लिए भी तरसते थे। नए चिकित्सा अधिकारियों के आने से ग्रामीण क्षेत्रों के इन अस्पतालों में एक नया जीवन संचरित होगा। अब संस्थागत प्रसव की संख्या में इजाफा होगा, जिससे शिशु और मातृ मृत्यु दर को कम करने में बड़ी सफलता मिलेगी। इसके साथ ही, बच्चों का समय पर टीकाकरण, आपातकालीन चिकित्सा और गंभीर रोगों के शुरुआती उपचार को एक नई धार मिलेगी। अब ग्रामीणों को मामूली सर्दी-खांसी या प्रसव के लिए जिला मुख्यालय की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी।

### जमीन पर जिम्मेदारी निभाने की बड़ी चुनौती

स्थानीय जनता और सजग मीडिया की पैनी नजर हमेशा इस बात पर रहती है कि लोक सेवा आयोग से चुने जाने के बाद कई डॉक्टर ग्रामीण क्षेत्रों की विषम परिस्थितियों में काम करने से कतराते हैं। वे अक्सर बड़े नेताओं की सिफारिश लगवाकर अपना तबादला रसूख वाले शहरी क्षेत्रों में करा लेते हैं। लेकिन इस बार सभी 24 डॉक्टरों का एक साथ बिना किसी नखरे के कार्यभार ग्रहण करना इस बात की तस्दीक करता है कि जिला प्रशासन और स्वास्थ्य महकमा इस बार बेहद सख्त रुख अख्तियार किए हुए है। स्वास्थ्य विभाग का भी मानना है कि इस कदम से सरकारी अस्पतालों के प्रति आम जनता के मन में खोया हुआ विश्वास दोबारा बहाल होगा। अब देखना यह होगा कि ये नए डॉक्टर शहडोल की इस पारंपरिक रूप से बीमार स्वास्थ्य व्यवस्था का इलाज कितनी मुस्तैदी, ईमानदारी और सेवा भावना से करते हैं।

# सिर्फ कागजों पर न रहे तरक्की, कलेक्टर्स हर 15 दिन में करें समीक्षा: आयुक्त

### परंपरागत खेती छोड़ें, दलहन-तिलहन और मछली पालन से बदलेगी किसानों की तकदीर

**शहडोल।** किसान समृद्ध होगा तभी प्रदेश समृद्ध होगा। जब तक अधिकारी मैदानी स्तर पर सक्रिय नहीं होंगे, तब तक खेती को लाभ का धंधा नहीं बनाया जा सकता। यह सख्त हिदायत कृषि उत्पादन आयुक्त के.सी.गुप्ता ने रीवा और शहडोल संभाग की मैराथन समीक्षा बैठक में कलेक्टर्स और विभागीय अधिकारियों को दी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई इस हाई-प्रोफाइल बैठक में आयुक्त ने दो टूक कहा कि कलेक्टर सिर्फ दफ्तरों में न बैठें, बल्कि कृषि और





उससे जुड़े विभागों के कार्यों की नियमित समीक्षा कर जमीन पर बदलाव दिखाएं।

बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त ने परंपरागत गेहूं-धान के चक्रव्यूह से बाहर निकलने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गेहूं-धान की तुलना में दलहन और तिलहन में कहीं अधिक मुनाफा है। दोनों संभागों में अरहर के क्षेत्र विस्तार के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे किसानों को अरहर की पूसा-16 किस्म के लिए प्रेरित करें, जो महज 4 महीने में पककर तैयार हो जाती है, जिससे किसान इसके बाद गेहूं की फसल भी ले सकेंगे।

एपीसी ने उद्यानिकी अधिकारियों को आड़े हाथों लेते हुए हर विस्तार अधिकारी को 100 हेक्टेयर में फसल विस्तार का कड़ा लक्ष्य दिया। उन्होंने कहा कि बाणसागर बांध में मछली पालन के लिए 3000 करोड़ रुपये का निवेश हो रहा है। सिंगरौली, सीधी, अनूपपुर और शहडोल की बंद खदानों के पानी में केज कल्चर तकनीक से मत्स्य पालन शुरू कराएं। आयुक्त ने दो टूक चेतावनी दी कि खेतों में पराली (नरवाई) जलाने पर सख्त कार्रवाई होगी। संभाग में बायो एनर्जी प्लांट लग रहे हैं, जो किसानों से सीधे पराली खरीदेंगे। किसान बेलर और सुपर सीडर मशीनों का उपयोग करें।

बैठक में मौजूद पशुपालन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव उमाकांत उमराव ने कड़े लहजे में आंकड़ों का आईना दिखाया। उन्होंने कहा कि गुजरात में पशुपालन का जीडीपी में योगदान 90 हजार करोड़ है, जबकि मध्य प्रदेश में ज्यादा दुधारू पशु होने के बावजूद यह सिर्फ 8 हजार करोड़ है। इस स्थिति को बदलने के लिए निकृष्ट सांडों के बधियाकरण और कृत्रिम गर्भाधान का महाअभियान चलाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर्स को हर 15 दिन में निष्क्रिय मैदानी अमले पर कार्रवाई करने को कहा गया है।

इस महत्वपूर्ण बैठक के दौरान शहडोल कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, जिला पंचायत सीईओ शिवम प्रजापति, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह और उप संचालक कृषि यादव सहित तमाम आला अधिकारी मौजूद रहे, जिन्हें एपीसी ने सीधे तौर पर एजेंडे को जमीन पर उतारने की कसम दिलाई।

### साइबर अपराधों के प्रति किया गया जागरूक



**शहडोल।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत शहडोल जिले के विभिन्न बैंक ए.टी.एम. एवं कॉमन सर्विस सेंटर में व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान आम नागरिकों को डिजिटल अरेस्ट, फर्जी ई के वाई सी अपडेट, ओटीपी साझा करने से होने वाली धोखाधड़ी, यूपीआई फ्रॉड, ऑनलाइन निवेश के नाम पर होने वाली ठगी सहित विभिन्न साइबर अपराधों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। नागरिकों को बताया गया कि किसी भी अज्ञात कॉल, लिंक अथवा संदेश पर बिना सत्यापन विश्वास न करें तथा अपनी बैंकिंग एवं व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करें। इस अवसर पर नागरिकों के बीच साइबर सुरक्षा संबंधी जागरूकता पेम्फलेट वितरित किए गए तथा संदिग्ध साइबर घटनाओं की तत्काल सूचना राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 में देने सहित अन्य जानकारियों से अवगत कराया गया।

# मिशन वात्सल्य योजना के तहत आयोजित हुई कार्यशाला

**शहडोल। जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा के नेतृत्व में मिशन वात्सल्य योजना अन्तर्गत देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों (गुमशुदा बच्चों , बाल तस्क री, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, के रोकथाम) के परिवार पुनरु थशपन हेतु सभी सहयोगी विभागो के साथ उन्मुखीकरण प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत सभागार में आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम के प्रथम चरण में अखिलेश मिश्रा द्वारा मिशन वातसल्ये एवं किशोर न्या य अधिनियम की जानकारी प्रदान की गई। मिशन वातसल्यि योजना अन्त र्गत दत्तोक ग्रहण, स्पांधशरशिप, फास्टकर केयर, पीएम केयर फार चिलड्रन, चाइल्ड् लाइन, वन स्टासप सेन्टार, संस्थाकओं के बारे में विस्तृनत जानकारी प्रदान की गयी।जिला श्रम कार्यालय से उपस्थिति सहायक श्रम अधिककारी द्वारा बाल श्रम एवं पेन्सिल पोर्टल के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यइ श्री प्रदीप सिंह जी द्वारा विधि का उल्लंपघन करने वाले बालक



के साथ पुलिस, सवं सामाज के द्वारा किस प्रकार का व्य वहार किय जाना चाहिए उसके बारे में बताया गया साथ ही उनके द्वारा बताया गया कि किशोर न्यायि अधिनियम का उददेश्यक , विधि का उल्लंघन करने वाला बालक को पुनः समाज की मुख्या धारा से जोडना है। बाल कल्या ण समिति की अध्यलक्ष श्रीमती कल्या णी वाजपेयी ने देखरेख एवं संरक्षण की आवश्याकता वाले बालक के सबंध में बताया कि यदि कोई ऐसा बालक जो देखरेख एवं सरंक्षण की श्रेणी में आता है तो समाज के किसी भी व्योक्ति के द्वारा बाल कल्यकण समिति के समक्ष पेश कर सकता है ऐसा करने से समिति उस बालक के सर्वोत्ताम हित में कार्य कर सकती है। जिला विधिक सेवा प्राधिकारण की सचिव श्रीमती श्वेऐता परते तिवारी द्वारा पीडित प्रतिकर के बारे में विस्तृलत जानकारी प्रदान की गयी । जिला विधिक अधिकारी श्री देवेन्द्र द्वारा पॉक्सोत एक्टे पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में बाल कल्याणि समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य गण, किशोर न्यापय बोर्ड के सदस्यकगण, जिला विधिक सेवा प्राधिकारण की सचिव एवं जिला विधिक अधिकारी, एएचटीयू के प्रभारी अधिकारी, विशेष किशोर पुलिस ईकाई, स्वाएस्य्े विभाग, शिक्ष विभाग, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, अधीक्षक बालिक संप्रेक्षण गृह बाल कल्याईण पुलिस अधिकारी, सर्पोट पर्सन (पाक्सो एक्टक), पि.एल.व्हीप मेम्बवर, मिशन वतसल्य योजना के संरक्षण अधिकारी उमा शंकर गुप्ता, सामाजिक कार्यकत्रा सुश्री मोनू प्रजापति, श्रीमती संस्कृति सोलंकी एवं असशकीय समाज सेवी संस्थाप के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शहडोल में आज बस स्टैंड से इंदिरा चौक तक हटेगा अतिक्रमण

### यातायात व्यवस्था सुधारने नपा ने कसी कमर

### चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रहेगा भारी पुलिस बल

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय की दम तोड़ती यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने और सडक़ों पर बढ़ते भारी जाम को हमेशा के लिए खत्म करने के लिए नगर पालिका परिषद शहडोल ने कमर कस ली है। शहर के सबसे व्यस्त और सालों से लंबित न्यू बस स्टैंड बलपुरवा से इंदिरा चौक मार्ग के चौड़ीकरण में रोड़ा बने अतिक्रमणकारियों के खिलाफ आज रविवार 28 जून से प्रशासन का बड़ा अभियान शुरू होने जा रहा है। नगर पालिका द्वारा करीब 6 करोड़ रुपये की लागत से इस सडक़ का कायाकल्प किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें चौड़ी चमचमाती सडक़, नाली, आधुनिक विद्युतीकरण और डिवाइडर का निर्माण शामिल है। कानूनी अड़चनों और सियासी ग्रहण के कारण जो काम सालों से अधर में लटका था, उसे अमलीजामा पहनाने के लिए नपा का दस्ता मैदान में उतर रहा है।

### मजिस्ट्रेट और 40 जवानों का पहरा

नगर पालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी निशांत सिंह ठाकुर ने लगभग 145 अतिक्रमणों को ढहाने के लिए पूरी व्यूह रचना तैयार की है। कार्रवाई के दौरान किसी भी प्रकार के बवाल या विवाद की स्थिति से निपटने के लिए नपा ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर 40 महिला एवं पुरुष पुलिस बल की मांग की है। वहीं, सोहागपुर एसडीएम द्वारा इस दो दिवसीय 28 व 29 जून सघन कार्रवाई के लिए विशेष कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति भी की गई है। इस अभियान के लिए उपयंत्री सुखेन्द्र सिंह तोमर





को नोडल और पुनीत त्रिपाठी को सहायक नोडल बनाया गया है। इनके साथ सहा. राजस्व निरीक्षक मयंक मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक अनिल महोबिया और फायर प्रभारी मो. इजराईल को जेसीबी, डम्पर और फायर ब्रिगेड के साथ मुस्तैद रहने का फरमान जारी किया गया है।

### 18 मीटर की जद में आने वाले अवैध निर्माण होंगे जमींदोज

नगर पालिका प्रशासन का साफ कहना है कि विकास की राह में कोई समझौता नहीं होगा। मध्यप्रदेश राजपत्र (31 मई 2023) के प्रावधानों के तहत इस मार्ग की प्रस्तावित चौड़ाई 18 मीटर तय की गई है, जिसकी जद में आने वाले अवैध निर्माणों पर लाल निशान लगाए जा चुके हैं। अधिकारियों का तर्क है कि चूंकि यह निर्माण शासकीय भूमि पर था, इसलिए किसी मुआवजे का सवाल ही नहीं उठता। हालांकि, निष्पक्षता बरतते हुए कोर्ट केस वाले 2 से 3 पट्टेधारी भू-खण्डों पर न्यायालय का फैसला आने तक कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

### खड़ा होगा पेट का संकट

एक तरफ जहां शहर के विकास के लिए यह बुलडोजर ऐक्शन जरूरी बताया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ दशकों से यहाँ दुकान चला रहे स्थानीय व्यापारियों में मायूसी और भारी आक्रोश है। पीड़ित व्यापारियों का कहना है कि वे पीढियों से इस सडक़ के किनारे छोटा-मोटा रोजगार कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। अचानक दुकानों पर बुलडोजर चलने से उनके सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। उनका तर्क है कि इस कमरतोड़ महंगाई के दौर में सरकार को कार्रवाई से पहले उनके पुनर्वास या उचित मुआवजे की व्यवस्था करनी चाहिए थी।

### रेलवे स्टेशन रोड पर नपा की घिग्घी क्यों बंधी

इस बड़ी कार्रवाई के बीच जागरूक शहरवासियों ने नपा प्रशासन की मंशा और स्थानीय राजनेताओं की सुविधाजनक चुप्पी पर तीखे सवाल दाग दिए हैं। जनता का कहना है कि अगर बस स्टैंड मार्ग पर दबाव के चलते अतिक्रमण हटाना सही है, तो शहर की सबसे वीआईपी और सबसे ज्यादा जाम की शिकार गांधी चौक से रेलवे स्टेशन रोड पर नपा प्रशासन मौन क्यों साधे बैठा है? क्या यहाँ रसूखदारों और वोट बैंक की राजनीति आड़े आ रही है? स्टेशन रोड की स्थिति यह है कि ट्रेन आने के दौरान पूरी सडक़ पर चक्काजाम हो जाता है और दो वाहन आमने-सामने आने पर राहगीरों का निकलना दूभर हो जाता है। शहरवासियों की मांग है कि नपा को केवल छोटे दुकानदारों पर रौब झाडऩे की बजाय स्टेशन रोड के बड़े रसूखदारों के अवैध निर्माणों पर भी इसी तरह का दम दिखाना चाहिए।



## खबर संक्षेप

### हरी खाद से बढ़ती है मिट्टी की उर्वरता: उप संचालक

**उमरिया।** उप संचालक कृषि संग्राम सिंह मरावी ने बताया कि हरी खाद ऐसी फसलें होती हैं जिन्हें खेत में ही जोतकर मिट्टी में मिला दिया जाता है जिससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है और पौधों (फसल) को प्राप्त होने वाले पोषक तत्वों की पूर्ति होती है। हरी खाद से मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है तथा ह्यूमस की मात्रा भी बढ़ती है। इससे खेत में नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ाकर फसलों की अच्छी वृद्धि होने में मदद करता है। मिट्टी में जैविक पदार्थ (ह्यूमस) की मात्रा में बढ़ोतरी होने से जलधारण क्षमता तथा पोषक तत्वों को पौधे आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके उपयोग से मिट्टी की संरचना, जलधारण क्षमता और वायु संचार में सुधार होने से फसल अच्छी होती है। किसानों की रासायनिक खाद पर निर्भरता कम होती है जिससे लागत में बचत होगी। मिट्टी को लाभ ही नहीं बल्कि जीवों की संख्या में वृद्धि से उत्पादन में वृद्धि होगी। इससे मृदा के कटाव में कमी होगी तथा अच्छी गुणवत्तापूर्ण मिट्टी का निर्माण होगा।

### खाद की कालाबाजारी की सूचना देने पर मिलेगा हजार रुपये का इनाम

**उमरिया।** उप संचालक कृषि ने बताया कि खाद की कालाबाजारी देखते हुए सरकार ने खाद की कालाबाजारी की सूचना देने वाले को सूचना दाता प्रोत्साहन योजना के तहत एक हजार रुपये नकद इनाम देने की योजना लागू की है। यह योजना उमरिया में लागू की गई है। उन्होंने कहा है कि योजना के तहत खाद की कालाबाजारी, अवैध भंडारण, नकली या मिलावटी खाद की बिक्री और यूरिया के अवैध औद्योगिक उपयोग की सूचना देने पर एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि सीधे बैंक खाते में दी जाएगी। इस योजना के तहत राज्य एवं जिले का कोई भी नागरिक, किसान या व्यापारी अवैध गतिविधियों की शिकायत दर्ज करा सकता है। शिकायत के लिए सरकार ने हेल्पलाइन नंबर 155253 जारी किया है। सूचना देने वाले की पहचान भी गुप्त रखी जाएगी। यह योजना 30 सितंबर तक चलेगी।

### 22 वर्षीय युवक ने ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान देने की कोशिश

**हरिभूमि न्यूज़ कोतमा।** शुक्रवार को रेलवे स्टेशन के आगे 22 वर्षीय युवक ने ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान देने की कोशिश करने का सनसनीखेज मामला सामने आया। युवक के अचानक किए घटना से ट्रेन यात्रियों एवं आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर आरपीएफ पुलिस एवं स्थानीय लोगों द्वारा कोतमा अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल युवक के कान एवं अन्य अंगों में अंदरूनी चोट आई है। जिसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जांच में जुटी पुलिस ने बताया कि खुमान प्रजापति 22 साल पिता रामकरण निवासी देवरी थाना भालूमाड़ा जो शहडोल अंबिकापुर ट्रेन आने से पहले कोतमा स्टेशन में घूम रहा था। अपने परिचित साथी को अपना मोबाइल घर में देने को बोलकर लाइन किनारे लहसुई गांव की ओर पैदल चला गया। साढे 4 बजे के लगभग ट्रेन कोतमा से बिजुरी जाने के दौरान युवक ट्रेन के सामने कूद गया। सूचना के बाद परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। स्थानीय पुलिस एवं आरपीएफ बल जांच मे जुट गई है। युवक किस कारण से इतना बड़ा कदम उठाया कारणों का पता नहीं चल सका है।

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल का 8वां स्थापना दिवस धूमधाम से मना

### कल्याणपुर हनुमान मंदिर में हुई महाआरती

### कार्यकर्ताओं ने किया पौधरोपण, लगा भंडारा

शहडोल।

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद (अहिप) और राष्ट्रीय बजरंग दल ने शहडोल संभाग मुख्यालय पर अपना 8वां स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया। इस अवसर पर कल्याणपुर स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में विशेष धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें संभाग और जिला स्तर के पदाधिकारियों सहित भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



#### महाआरती और हनुमान चालीसा का पाठ

स्थापना दिवस कार्यक्रम की शुरुआत कल्याणपुर हनुमान मंदिर में बजरंग बली की विशेष पूजा-अर्चना और महाआरती के साथ हुई। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर संगठन की मजबूती और राष्ट्र कल्याण की कामना की। मंदिर परिसर जय श्री राम और वीर बजरंगी, हर-हर महादेव के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा।

#### पर्यावरण संरक्षण का संकल्प, किया पौधरोपण

धार्मिक अनुष्ठान के साथ-साथ संगठन ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी भी निभाई। कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर और आस-पास के क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया। कार्यकर्ताओं ने रोपे गए पौधों की सुरक्षा और देखभाल का संकल्प भी लिया। इसके पश्चात राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा एक विशाल भंडारे (महाप्रसाद) का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

#### ये रहे प्रमुख रूप से उपस्थित

इस गरिमामयी कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनिरुद्ध सिंह संभाग अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, देवेंद्र कुमार अनुरागी जिला कार्यकारी अध्यक्ष, अहिप व जिला अध्यक्ष बजरंग दल, अनिकेत बैरागी जिला महामंत्री, राष्ट्रीय बजरंग दल, रजनीश कुमार गुप्ता, रूपेश कुमार गुप्ता, महेंद्र कुमार गुप्ता संचालक, महावीर जलपान गृह, इसके अलावा शुभम सिंह बिसेन, निखिल द्विवेदी, अविनाश, उदय कोरी, विनोद शर्मा, प्रवेश बर्मन, अमन बर्मन, अनुराग, सुमन जायसवाल, आदर्श, गौतम पुजारी, डॉक्टर हरीश द्विवेदी, अभिजीत भट्ट, अमन और जानू सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति और युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अयोध्या-काशी के लिए 31 जुलाई को रवाना होगी स्पेशल ट्रेन

उमरिया।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत अयोध्या और वाराणसी (काशी) के दर्शन के लिए विशेष ट्रेन 31 जुलाई को रवाना होगी। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने बताया कि इस यात्रा के लिए उमरिया जिले को 262 यात्रियों का कोटा आवंटित किया गया है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के ऐसे वरिष्ठ नागरिक, जो आयकरदाता नहीं हैं, तीर्थ यात्रा के पात्र होंगे। महिलाओं को आयु सीमा में दो वर्ष की छूट प्रदान की गई है। कलेक्टर ने बताया कि 65 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे आवेदक, जो अकेले यात्रा करना चाहते हैं, उन्हें एक सहायक साथ ले जाने की अनुमति होगी। इसके अलावा, 65 वर्ष से अधिक आयु के 3 से 5 व्यक्तियों के समूह को भी एक सहायक ले जाने की पात्रता रहेगी। हालांकि, पति-पत्नी के साथ यात्रा करने की स्थिति में सहायक की अनुमति नहीं होगी। धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के निर्देशानुसार इच्छुक पात्र नागरिक 17 जुलाई तक कार्यालयीन समय में आवेदन कर सकते हैं। सभी आवेदनों की पोर्टल पर प्रविष्टि 17 जुलाई दोपहर 2 बजे तक पूर्ण की जाएगी। यदि निर्धारित कोटे से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, तो पात्र आवेदकों का चयन कम्प्यूटरीकृत लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आवेदकों के नाम, आधार क्रमांक, मोबाइल नंबर और पूर्ण पते सहित सभी जानकारियों का सत्यापन कर ही पोर्टल पर प्रविष्टि की जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो व्यक्ति पूर्व में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का लाभ ले चुके हैं, उनके आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। ऐसे मामलों की आवश्यक जांच सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### जिले भर में 28, 29 एवं 30 जून को पिलाई जाएगी पल्स पोलियो की दवा

# दो बूंद हर बार-पोलियो पर जीत रहे बरकरार: कलेक्टर

उमरिया।


जिले में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर एवं आजीवन अपंगता का कारण बनने वाली बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 28 जून 2026 को मुख्य अभियान दिवस आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 29 एवं 30 जून को मॉप-अप राउंड के माध्यम से ऐसे बच्चों को चिन्हित कर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, जो मुख्य दिवस पर छूट गए हों।

कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ पर अवश्य ले जाकर पोलियो रोधी दवा की दो बूंद अवश्य पिलवाएं तथा पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने में अपना सहयोग दें। उन्होंने कहा कि दो बूंद हर बार - पोलियो पर जीत रहे बरकरार का संदेश जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. ऋचा गुप्ता ने बताया कि मुख्य अभियान दिवस पर जिलेभर में 840 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं, जहां प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी एवं स्वयंसेवक बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाएंगे। इसके अतिरिक्त बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं अन्य प्रमुख आवागमन स्थलों पर 48 ट्रांजिट बूथ भी बनाए गए हैं, ताकि यात्रा कर रहे कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक विकासखंड में मोबाइल टीमों का गठन किया गया है, जो दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों सहित विशेष परिस्थितियों वाले स्थानों पर पहुंचकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग तथा अन्य सहयोगी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी समन्वय के साथ कार्य करेंगे, ताकि जिले का कोई भी पात्र बच्चा पोलियो रोधी खुराक से वंचित न रहे।

# सड़कों पर बेखौफ दौड़ रहे कंडम वाहन



हरिभूमि न्यूज कोतमा।

जिले की सड़कों पर कंडम वाहन बेखौफ दौड़ रहे हैं। ऐसे वाहन जहरीला धुआं फेंक रहे हैं। बसों से इमरजेंसी दरवाजा स्पीड गवर्नर जैसे सुरक्षात्मक उपकरण नदारत हैं। क्योंकि जिले की अधिकतर आबादी सड़क मार्ग से ही एक दूसरे से जुड़ती है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में बस व टैक्सी वाहन ही सबसे बड़ा सहारा है। प्रशासन द्वारा नियमित जांच न किये जाने के कारण बस ऑपरेटर जमकर नियमों को धता बताकर वाहन दौड़ा रहे हैं। जिले में करीब एक सैकड़ा से अधिक बस ऑटो 407 पिकअप यात्रियों को लेकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं। जिला मुख्यालय अनुपपुर सहित कोतमा एवं कोयलांचल के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रो से अधिकांश बसें आसपास के जिलों और गांव के लिए निकलती हैं। अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रो की ओर जाने वाली बसों की हालत देखकर लोगों को बैठने का मन नहीं करता। पर मजबूरी बस कोई अन्य संसाधन नहीं होने के कारण यात्रियों को सफर करना पड़ता है। ऐसे बस के संचालक पैसों के बलबूते पर फिटनेस प्रमाण पत्र ले लेते हैं और यात्रियों की जान आफत में डाल देते हैं। आए दिन ऐसी खटारा बसों से यात्रा करने वाले यात्री बताते हैं कि ऐसी गाड़ी कभी भी कहीं भी खड़ी हो जाती है जिसका खामियाजा यात्रा कर रहे यात्रियों को भुगतना पड़ता है। आए दिन हो रही बस दुर्घटनाओं को देखते हुए यह साफ हो जाता है कि कंडम बसें यात्रियों की जान मुसीबत में डाल रही हैं।

#### ड्रेस कोड की अनदेखी

ऐसे बसों के चालक बिना ड्राइविंग लाइसेंस के बेखौफ होकर सड़कों पर वाहन दौड़ा रहे हैं। इतना ही नहीं फुटपाथ पर चलने वाले लोगों का जीना दुबर हो गया है। यह सवारी लेने के लिए वाहन कब कहां रोक दें यह किसी को पता नहीं होता। वर्दी ड्राइवर का बैच नंबर और ना ही वाहनों के मूल दस्तावेज होते हैं। जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा भी इस दिशा में कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

#### दौड़ रहे खटारा वाहन

राष्ट्रीय राजमार्ग 43 मे परिवहन विभाग का उड़न दस्ता आए दिन डेरा डाला रहता है पर उन्हें फिटनेस क्षमता से अधिक यात्रियों से कोई लेना-देना नहीं होता है। इस कारण से बेखौफ होकर भी इस आदिवासी अंचल में बस संचालकों की मनमानी चल रही है। खटारा बसों पर कोई नियंत्रण नहीं हो पा रहा है।

#### कई बार कार्यवाही भी हुई

जानकारों की माने तो बगैर परमिट फिटनेस के अधिकतर बसें आसपास जिलों की है पूर्व में छत्तीसगढ़ यूपी समेत अन्य बड़े महानगरों से चलने वाली बसों पर रात्रि में आकस्मिक जांच पड़ताल की गई थी तब बगैर परमिट अंतर जिला बसे पकड़ी गई थी। पूर्व में कई हादसे हो चुके हैं उसके बाद भी परिवहन विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। जिला सहित कोयलांचल क्षेत्र से अंतर राज्यीय बसें उत्तर प्रदेश महाराष्ट्र के लिए चलाई जा रही है क्या उन गाड़ियों में फिटनेस परमिट है भी या नहीं इसकी जांच करने वाला कोई नहीं है। जब कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो जाती है तब प्रशासन के कान खड़े होते हैं और प्रशासन आनन फानन में कार्यवाही करने की बात करता है। और दिखावे के लिए छोटी-मोटी कार्यवाही करके अपने कर्तव्यों से इतिश्री कर लेता है। जिला परिवहन विभाग को अभियान चलाकर ऐसे कंडम बसों की जांच करनी चाहिए जिससे कोई बड़ी दुर्घटना घटित होने की पुनरावृत्ति ना हो सके।



# नव नियुक्त जिला अध्यक्ष पार्वती बाल्मीकि राठौर का हुआ स्वागत

### अनूपपुर में भाजपा महिला मोर्चा की परिचयात्मक बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज़ अनूपपुर।

भारतीय जनता पार्टी जिला अनूपपुर में जिला कार्यालय में शुक्रवार को भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाल्मीकि राठौर के पदभार ग्रहण के उपरांत परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई। यह कार्यक्रम भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। बैठक में सर्वप्रथम भारत माता एवं डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात संगठात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा जिले मे महिला मोर्चा को और अधिक सशक्त, सक्रिय बनाने कि रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की निवर्तमान जिला अध्यक्ष श्रीमती रश्मि खरे का सम्मान पूर्वक स्वागत किया गया, साथ ही नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाल्मीकि राठौर का माल्यार्पण कर पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर अभिनंदन किया गया। महिला मोर्चा की जिला एवं सभी मंडलो कि पदाधिकारीयो, एवं कार्यकर्ताओं ने अपना परिचय देकर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प किया। इस बैठक में भाजपा महामंत्री श्याम नारायण शुक्ला, जिला महामंत्री सिद्धार्थ शिव सिंह, जिला कार्यालय मंत्री चंद्रिका द्विवेदी, जिला सह कोषाध्यक्ष अध्यक्ष रामनारायण उरमलिया, श्रीमती सहबिन पनिका (अध्यक्ष) नगर पालिका बिजुरी, श्रीमती संगीता सोनी, श्रीमती पूर्णिमा सिंह, श्रीमती छाया सोनी, श्रीमती मीनू तिवारी, श्रीमती सीमा व्यौहार, श्रीमती कलावती सिंह, श्रीमती मीरा शर्मा, श्रीमती रुपाली, श्रीमती रुक्मणी सिंह, श्रीमती गिरिजा राठौड़, श्रीमती रेखा गुप्ता, श्रीमती दीप्ति जायसवाल, श्रीमती पार्वती केवट, श्रीमती संगीता माली, पत्रकार श्रीमती रीना शर्मा, सुश्री भारती केवट, श्रीमती पूनम शर्मा, सहित महिला मोर्चा के जिला एवं समस्त मंडल की पदाधिकारी, वरिष्ठ महिला कार्यकर्ता, बड़ी संख्या में भाजपा कार्यालय अनूपपुर में उपस्थिति रही।

# पवित्र नगरी अमरकंटक में ढाई घंटे की झमाझम मूसलाधार वर्षा, मौसम हुआ सुहावना

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन, धार्मिक एवं आध्यात्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में शनिवार, 27 जून को ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी के पावन अवसर पर प्रातः लगभग 10:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक करीब ढाई घंटे तेज गर्जना, चमक-लपक एवं हवाओं के साथ झमाझम मूसलाधार वर्षा हुई। इस वर्षा से संपूर्ण क्षेत्र तरबतर हो गया और मौसम अत्यंत सुहावना, शीतल एवं आनंददायक बन गया। कई दिनों से क्षेत्र में वर्षा नहीं होने के कारण लोगों को उमस भरी गर्मी तथा चुभन का सामना करना पड़ रहा था। शनिवार को हुई मूसलाधार बारिश ने लोगों को गर्मी से बड़ी राहत दी तथा वातावरण में ताजगी और ठंडक घोल दी। दिन के समय अधिकतम तापमान लगभग 30 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान सामान्य रहने के बावजूद उमस के कारण लोग परेशान थे, लेकिन वर्षा के बाद मौसम पूरी तरह बदल गया और वातावरण में शीतलता फैल गई। बारिश का सबसे अधिक आनंद अमरकंटक पहुंचे पर्यटकों एवं तीर्थयात्रियों ने लिया। वर्षा के दौरान और उसके बाद पहाड़ियां, घने वन, प्राकृतिक झरने तथा मां नर्मदा की पावन नगरी का सौंदर्य और अधिक निखर उठा। चारों ओर हरियाली और धुंध से घिरा प्राकृतिक दृश्य लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता रहा। स्थानीय नागरिकों ने भी राहत की सांस लेते हुए वर्षा का स्वागत किया। वायु गुणवत्ता भी संतोषजनक रही तथा शुद्ध वायु सूचकांक लगभग 60 दर्ज किया गया, जो स्वास्थ्य की दृष्टि से बेहतर माना जाता है। इस वर्षा से क्षेत्र में हरियाली बढ़ने के साथ-साथ किसानों को भी खेती-किसानी के लिए लाभ मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। वर्षा के कारण मां नर्मदा के रामघाट तट स्थित पार्किंग स्थल में पानी लबालब भर गया, जिससे वह किसी छोटे तालाब जैसा दिखाई देने लगा। वहीं नर्मदा उद्गम मंदिर के सामने सीढ़ियों से तेज वेग से बहता वर्षा का पानी किसी छोटे स्टॉप डैम अथवा जलप्रपात जैसा मनोहारी दृश्य प्रस्तुत कर रहा था। पर्यटक और श्रद्धालु इसी बहते पानी के बीच सावधानीपूर्वक आवागमन करते रहे, जबकि कई बच्चे वर्षा के पानी में खेलते हुए वर्षा का आनंद लेते दिखाई दिए। यह मनोहारी दृश्य श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना रहा।





# ब्यौहारी पुलिस की बड़ी कार्रवाईः घेराबंदी कर पकड़ी 12.70 लाख की कार, 1 क्विंटल 27 किलो गांजा जब्त

**ब्यौहारी (शहडोल) ।नशे के सौदागरों के खिलाफ जिले की पुलिस के द्वारा चलाया जा रहा अभियान लगातार रंग ला रहा है। इसी कड़ी में ब्यौहारी थाना पुलिस को अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने घेराबंदी कर एक लावारिस कार से भारी मात्रा में गांजा जब्त किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों में आंकी जा रही है।**

मुखबिर की सूचना पर वन विभाग के दफ्तर के पास घेराबंदी जानकारी के अनुसार, 27 जून 2026 को ब्यौहारी पुलिस को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली कि मानपुर की तरफ से एक सफेद रंग की विटारा ब्रेजा कार (क्रमांकः CG 13 AA 7494) में भारी मात्रा में अवैध गांजा लेकर तस्कर ब्यौहारी की ओर बेचने के इरादे से आ रहे हैं। सूचना मिलते ही ब्यौहारी नगर निरीक्षक जियाउल हक की टीम ने त्वरित एक्शन लिया और ब्यौहारी-मानपुर रोड पर 'फॉरेस्ट हाउस' के पास घेराबंदी कर दी।

### पुलिस को देखकर जंगल की ओर भागे तस्कर

पुलिस की मुस्तैदी को देखकर तस्करों के हौसले पस्त हो गए। दूर से ही पुलिस की गाड़ी खड़ी देख आरोपी पकड़े जाने के डर से अपनी कार को सड़क किनारे छोड़कर घने जंगल की ओर भाग निकले। पुलिस टीम ने पीछा भी किया, लेकिन आरोपी घने जंगलों का फायदा उठाकर फरार होने में कामयाब रहे। जब पुलिस टीम ने लावारिस हालत में छूटी विटारा ब्रेजा कार की सघन तलाशी ली, तो उसके भीतर काले रंग की 4 बड़ी बोरियां रखी हुई मिलीं। बोरियों को खोलने पर उनके अंदर गांजे के छोटे-छोटे पैकेट बरामद हुए।



### कुल जब्त गांजाः 1 क्विंटल 27 किलोग्राम

अनुमानित कीमतः 12,लाख 70 हजार रुपये आंकी है
पुलिस ने मादक पदार्थ और तस्करी में इस्तेमाल हो रही कार को जब्त कर लिया है। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ NDPS एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है।

### इस टीम को मिली बड़ी सफलता

यह पूरी कार्रवाई शहडोल पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान के मार्गदर्शन और एसडीओपी मुकेश आविद्रा के दिशा-निर्देशन में अंजाम दी गई।

### कार्रवाई में शामिल मुख्य टीमः

थाना प्रभारीः जियाउल हक,उपनिरीक्षक (SI): बालकरण प्रजापति,प्रधान आरक्षकः हीरा सिंह, नरेंद्र उपाध्याय आरक्षकः गंगा सागर गुप्ता (आर. 762), रामजी गौतम, पंकज, विवेक सूर्या, ऋषभ शुक्ला एवं शंकर सिंह।सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की इस मुस्तैदी की वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सराहना की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### 30 जून तक प्रत्येक ग्राम पंचायत में होगा समारोह

**कटनी।** मुख्यमंत्री के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में 19 मार्च वर्ष प्रतिपदा के दिन से जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 का क्रियान्वयन प्रारंभ हुआ था। अभियान की अवधि 30 जून 2026 को समाप्त हो रही है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुक्रम में जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन समारोह पूर्वक किए जाने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने समापन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता आवश्यक रूप से सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्यक्रमों का उद्देश्य अभियान की उपलब्धियां को जन सामान्य के समक्ष प्रस्तुत करना जन सहभागिता का सम्मान करना तथा जल संरक्षण एवं जल सुरक्षा के प्रति समाज की सतत प्रतिबद्धता को सुनिश्चित करना है। 30 जून तक जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष ग्राम सभा आयोजित कर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत निष्पादित कार्यों, उपलब्धियां तथा लाभान्वित परिवारों का विस्तृत प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत निर्माता एवं जीवन आधारित जल संरचना जन सहभागिता आधारित गतिविधियों तथा प्रमुख उपलब्धियां पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

### 50 हजार रूपये के जेवरात किये पार

**कटनी।** उमरियापान थाना अंतर्गत ग्राम धनवाही में थाना घर का ताला तोडकर अज्ञात चोरो ने 50 हजार रूपये के जेवरात पार कर दिये। राजेश कुमार पटेल 48 वर्ष ने बताया कि चोरो ने सोने चांदी के जेवरात जिसमें झुमकी, माला, अंगूठी तथा चांदी के सिक्के, संतान सांते की चूडी ,पायल, बिछिया एवं नगदी करीबन बीस हजार रूपये कुल कीमती करीबन 50,000 रूपये पार कर दिये। शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर चोरो की पतासाजी का प्रयास शुरू कर दिया है।

### किसानों को विदेश भ्रमण और आधुनिक कृषि प्रशिक्षण का अवसर

**कटनी।** ग्रामीण युवाओं को कृषि क्षेत्र में सशक्त बनाने और उन्हें वैश्विक कृषि तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा एक अभिनव पहल शुरू की गई है। भारत सरकार के मार्गदर्शन में प्रदेश के शिक्षित युवा कृषकों को देश के प्रतिष्ठित कृषि संस्थानों में उन्नत प्रशिक्षण के साथ-साथ विदेश भ्रमण का भी अवसर प्रदान किया जाएगा। इस योजना के तहत इच्छुक कृषकों को आवेदन के साथ अपना नाम, पिता का नाम, ग्राम, विकासखंड, कृषि या संबद्ध क्षेत्रों (जैसे पशुपालन, बागवानी आदि) में किए गए विशेष कार्यों का विवरण, शैक्षणिक योग्यता, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी तथा आधार कार्ड और पैन कार्ड की प्रमाणिक जानकारी प्रस्तुत करनी होगी। आवेदन संबंधित विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, बीटीएम या एटीएम के माध्यम से जमा किए जा सकते हैं। चयनित युवा किसानों को देश के अग्रणी कृषि संस्थानों, जैसे आनंद कृषि विश्वविद्यालय (गुजरात) एवं राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान (मैनेज), हैदराबाद में विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में आधुनिक कृषि तकनीक, कृषि उद्यमिता, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन तथा नवीन कृषि पद्धतियों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रतिभागियों के प्रदर्शन और सहभागिता का गहन मूल्यांकन किया जाएगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित कृषकों को भारत सरकार द्वारा विदेश अध्ययन भ्रमण (स्टडी टूर) पर भेजा जाएगा, जहां वे वैश्विक कृषि प्रणालियों का अध्ययन कर अपने अनुभवों को स्थानीय स्तर पर अन्य किसानों के साथ साझा करेंगे।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीमती राधा तिवारी की अध्यक्षता में शक्ति केन्द्र प्रभारियों की बैठक



**बिरसिंहपुर पाली।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पाली एवं ग्रामीण मंडल घुनघुटी की संयुक्त बैठक आज पाली सर्किट हाउस में बैठक संपन्न हुई इस बैठक में उमरिया जिला के संगठन प्रभारी श्री राजेंद्र पांडे की उपस्थिति में मंडल अध्यक्ष श्रीमती राधा विजय तिवारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य शक्ति केन्द्रों को स्व स्फूर्त करना और उनके कार्यो में निखार लाना था। विदित होवे की भारतीय जनता पार्टी में शक्ति केन्द्र प्रभारियों का मुख्य दायित्व संगठन को मजबूत करना, जनता से उनका सीधा जुडाव रखना, मतदाताओं से सतत संपर्क रखने के साथ ही सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना और उनको शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना है ।अपने दायित्व के प्रति शक्ति केन्द्र प्रभारी सजग, सर्तक,और सक्रिय भूमिका अदा कर सकें इसके लिए इन कार्यकर्ताओं में जान फूंकने के लिए इस संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। मालूम होवे चुनाव में इन शक्ति केन्द्रों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और असरकारी मानी जाती है।इस बैठक में भाजपा एस सी मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्री दिलीप प्रजापति जी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री सरजू प्रसाद अग्रवाल जी , नेता सुदामा प्रसाद विश्वकर्मा जी पूर्व पार्षद बहादुर सिंह उर्फ कालिका सिंह जी पूर्व मंडल अध्यक्ष व एल्डरमैन प्रदीप सोनी जी और भाजपा के जिला उपाधयक्ष अमृत लाल जयसवाल जी, भाजपा नेत्री सह कोषाध्यक्ष श्री मती प्रेमलता बर्मन जी मंडल के महामंत्री विमल अग्रवाल जी मंडल के उपाध्यक्ष एवं नगर पालिका पाली एल्डरमैन कामता विश्वकर्मा जी पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रमोद साहू जी घुनघुटी मंडल अध्यक्ष अशोक नायक जी और उनकी टीम वार्ड नंबर 4 के वरिष्ठ नेता भोला विश्वकर्मा जी मंडल के उपाध्यक्ष गुलाब साहू जी देवी सिंह जी भीम सिंह जी कनिष्ठ नेता राजकुमार खरे गणेश जी शंकर सोनी जी प्रेम गुप्ता जी एल्डर मैन कमलभान सिंह जी समय लाल साहू जी शंकर पुरी जी सुरेश विश्वकर्मा जी किसन कोरी जी शिवम मिश्रा जी क्षेत्रपाल सिंह एवं समस्त कार्यकर्ता गण मौजूद रहे । बैठक में विभिन्न बिषयो पर विस्तार से चर्चा करते हुए शक्ति केन्द्रों को अधिक प्रभावशील बनाने के बारे में वरिष्ठ नेताओं ने मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन मंडल महामंत्री विमल अग्रवाल ने कुशलतापूर्वक किया।

## सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत महिलाओं और छात्राओं को सिखाए गए साइबर सुरक्षा के गुर

**बुढार ।** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा महिलाओं और बच्चों की डिजिटल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष मुहिम चलाई जा रही है। इसी कड़ी में बुढार पुलिस ने शासकीय हायर सेकेण्डरी कन्या विद्यालय ₹सेफ क्लिक 2.0₹ अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न महिला महाविद्यालयों, महिला स्व-सहायता समूहों और आंगनवाड़ी केंद्रों में महिला एवं बाल सुरक्षा विषय पर वृहद जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### साइबर खतरों से बचाव की दी गई विस्तृत जानकारी

पुलिस अधीक्षक राम जी श्रीवास्तव के निर्देशानुसार, नगर निरीक्षक विनय सिंह गहरवार के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थित एस आई गोविंद भगत ने पुलिस अधिकारियों ने आज के डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों और उनसे बचाव के तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान मुख्य रूप से निम्नलिखित संवेदनशील विषयों पर चर्चा की गई और महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं।साइबर बुलिंग और ऑनलाइन मॉर्फिंगः सोशल मीडिया पर होने वाली प्रताड़ना और तस्वीरों से छेड़छाड़ (मॉर्फिंग) की पहचान और उससे निपटने के कानूनी उपाय।,सोशल मीडिया सुरक्षाः अपनी पर्सनल प्रोफाइल को सुरक्षित रखने, प्राइवेसी सेटिंग्स का सही उपयोग करने और अनजान लोगों से दूरी बनाए रखने के टिप्स।,बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षाः बच्चों को ऑनलाइन शोषण से बचाने के तरीके और इंटरनेट का उपयोग करते समय माता-पिता द्वारा रखी जाने वाली सावधानियां।,ऑनलाइन गेमिंग के जोखिमः गेमिंग ऐप के जरिए होने वाली धोखाधड़ी, लत और वित्तीय जोखिमों के प्रति आगाह किया गया।पुलिस ने अधिकारियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं, युवतियों और विधायलीन बच्चों से पुलिस अधिकारियों ने अपील की कि वे किसी भी तरह के डिजिटल प्रलोभन या दबाव में न आएं।₹इंटरनेट का उपयोग करते समय पूरी सतर्कता बरतें। यदि आपके साथ कोई भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि या साइबर धोखाधड़ी होती है, तो बिना डरे और बिना समय गंवाए तत्काल स्थानीय पुलिस और साइबर हेल्पलाइन नंबर पर इसकी सूचना दें। इस जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए महिलाओं और कॉलेज की छात्राओं ने माना कि इस डिजिटल युग में ₹सेफ क्लिक 2.0₹ अभियान उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने और उन्हें सुरक्षित रखने में बेहद मददगार साबित होगा।



## आबकारी ने 75 पाव अवैध देशी शराब जब्त, पांच प्रकरण किये गये पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जन शिकायतों के आधार पर वृत्त बड़वारा एवं ढीमरखेड़ा क्षेत्र में आबकारी कंट्रोल रूम प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी मंशाराम उइके के नेतृत्व में कार्रवाई की गई।

आबकारी दल ने वृत बड़वारा अंतर्गत ग्राम रोहनिया में कार्रवाई करते हुए अनिल गुप्ता पिता गणेश कुमार गुप्ता के कब्जे से 15 पाव प्लेन देशी मदिरा तथा शांति बाई पति मनोज कचेर के कब्जे से 10 पाव प्लेन देशी मदिरा बरामद की।

वृत्त ढीमरखेड़ा के विलायतकला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भुडसा में कमलेश पिता तेजोलाल कुशवाहा के कब्जे से 20 पाव प्लेन मदिरा, ग्राम लोहरवारा निवासी रमेश पाल पिता रामकृपाल पाल के कब्जे से 7 पाव मसाला एवं 8 पाव प्लेन मदिरा तथा ग्राम पथवारी निवासी फूलचंद यादव पिता धनीराम यादव के कब्जे से 15 पाव प्लेन मदिरा जब्त की गई।



कार्रवाई के दौरान कुल 75 पाव अवैध देशी मदिरा जब्त कर संबंधित आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) के तहत 5 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए।इस कार्रवाई में वृत्त प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी प्रवीण रतन वरकड़े तथा आबकारी आरक्षक अनुराग शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। विभाग ने आमजन से अपील की है कि अवैध शराब संबंधी किसी भी गतिविधि की सूचना आबकारी विभाग को उपलब्ध कराएं, ताकि प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मातमी पर्व मोहर्रम पर निकाला ताजिया जुलूस

## ताजियों व सवारियां का निकला जुलूस, या हुसैन के लगे नारे, कर्बला में किया दफन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

शुक्रवार को इमाम हुसैन की शहादत की याद मैं मोहर्रम पर्व स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र मे मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मनाया ।मोहर्रम की दसवीं तारीख पर ऐतिहासिक फूलों के तजिए के साथ मोहर्रम के जुलूस की शुरुआत स्लीमनाबाद तहसील मुख्यालय मैं मस्जिद से हुई।जहां जुलूस पूरे नगर का भ्रमण करते मुख्य बाजार पहुँचा।जहां मुस्लिम धर्म गुरुओं से आशीर्वाद लेने हिन्दू समुदाय के लोग भी पहुँचे।मोहर्रम पर्व मुस्लिम समाज के लोगो के द्वारा अनेक प्रकार की अकीदत भी पेश की गई।

मोहर्रम पर शुक्रवार को मुस्लिम समुदाय के लोग हजरत इमाम हुसैन की याद में गमजदा हो गए व अकीदत पेश की। बाद में गमजदा माहौल में ताजिया शरीफ को झालरे और जलाशयों में सैराब किया गया। मुस्लिम घरों में चूल्हे नहीं जले। कई लोगों ने रोजे और उपवास रखे।



हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के 72 शहीदों की याद में दी हजरत हुसैन सोसायटी की ओर से बड़ा हाईदौस खेला गया।कर्बला के मंजर का प्रसंग सुनकर कई धर्मावलंबी गमजदा होकर सुबक उठे।कौमी एकता की मिसाल को कायम रखते हुए मोहर्रम की 10 तारीख के जुलूस को स्लीमनाबाद की सरजमी में एक नई आमद का आगाज हुआ ।

सादिक बाबा ताजी की नई छड़ सन्नू बाबा की छड़ दोनों मुज़ावीरों ने मजमे को संभाल के रखा और दोनों ताजिया दोनों छड़े एक साथ बस्ती का गस्त करते हुए जुलूस संपन्न हुआ। हसनी हुसैनी सोसाइटी के सदस्यों का पूरा सहयोग रहा।हजारों की संख्या में अकीदतमंद ताजियों को ले जाकर देर शाम करबला में सपुद ए खाक किया गया।मोहर्रम पर्व शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हो इसके लिए पुलिस कर्मियों ने मोर्चा संभाला हुआ था। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी, तहसीलदार आकाशदीप नामदेव, थाना प्रभारी सुदेश सुमन सहित बड़ी संख्या मे पुलिस कर्मियों की उपस्थिति रही।

## जिले में 28 जून से चलेगा विशेष पल्स पोलियो अभियान

## 1.73 लाख से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले को पोलियो मुक्त बनाने के संकल्प के साथ 28 जून को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का व्यापक आयोजन किया जाए। अभियान के दौरान जिले के 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के सभी 1 लाख 73 हजार 737 बच्चों को पोलियो की दवा की दो बूंद पिलाई जायेगी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे रविवार 28 जून को अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की खुराक अवश्य पिलवाएं।

पोलियो उन्मूलन के राष्ट्रीय अभियान में जनसहभागिता ही इसकी सबसे बड़ी सफलता है।

स्वास्थ्य अमला करेगा निगरानी

जिले की करीब 16 लाख की आबादी में से 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को दवा पिलाने के कार्य की शत-प्रतिशत निगरानी सुनिश्चित की जायेगी। कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश के बाद अभियान के सफल संचालन के लिए जिले के 6 विकासखंडों, 1 जिला चिकित्सालय, 1 सिविल अस्पताल, 6 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 18 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 80 सेक्टर एवं 187 उप स्वास्थ्य केंद्रों का स्वास्थ्य अमला सक्रिय रहेगा।

### जिले में 1737 बूथों पर पिलाई जाएगी दवा

पल्स पोलियो अभियान के दौरान रविवार को जिले में कुल 1670 स्थायी बूथ स्थापित किए जाएंगे, जिनमें 288 शहरी और 1382 ग्रामीण क्षेत्र के बूथ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त दूरस्थ क्षेत्रों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और आवागमन वाले प्रमुख स्थानों पर 75 ट्रांजिट बूथ तथा विशेष पहुंच वाले क्षेत्रों के लिए 27 मोबाइल टीमें तैनात रहेंगी।

### 29 व 30 जून को घर-घर पिलाई जाएगी दवा

कलेक्टर के निर्देशानुसार पोलियो की खुराक लेने से वंचित बच्चों के घर जाकर सोमवार 29 जून और मंगलवार 30 जून को स्वास्थ्य कर्मी दवा पिलायेंगे।

### 3354 कर्मचारी की तैनाती

कलेक्टर के निर्देश पर अभियान को सफल बनाने के लिए 3 हजार 354 टीकाकरण कर्मियों एवं 162 सुपरवाइजरों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं निगरानी एवं पर्यवेक्षण के लिए चिकित्सा अधिकारियों की विशेष जिम्मेदारी तय की गई है। अभियान के लिए 11 हजार वायल (2 लाख 20 हजार डोज) पोलियो वैक्सीन की जरूरत है।जो उपलब्ध हो गई है।वैक्सीन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए जिले में 36 आईएलआर, 35 डीप फ्रीजर, 79 कोल्ड बॉक्स और 1 हजार 700 वैक्सीन कैरियर उपलब्ध कराए गए हैं।

### वाहनों से होगी सतत निगरानी

अभियान के संचालन एवं निगरानी के लिए 43 चार पहिया और 242 दो पहिया वाहन लगाए गए हैं, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा सके।

## धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

खुल गए सारे ताले क्या बात हो गई, जब जन्मे कन्हैया वाह क्या बात हो गई। नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की। भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य अवसर पर जब व्यासपीठ से यह भजन गूंजे तो समूचा वातावरण आनंद से भर गया। अवसर था स्लीमनाबाद के समीपस्थ ग्राम बंधी स्टेशन स्थित हरिदास मंदिर मे चल रहे सप्ताह ज्ञान मैं कथा के चतुर्थ दिवस शुक्रवार का। इस मौके पर कथा व्यास पंडित रमाकांत पौराणिक की मौजूदगी में जन्मोत्सव का कथा रस बरसा।बालकृष्ण की सुंदर झांकी देख श्रद्धालु विभोर हो गए।

जन्मोत्सव के खास अवसर के लिए कथा पांडाल को गुब्बारों और फूलों से सजाया गया। नन्हें मुन्हें बच्चे भी कृष्ण रूप में श्रद्धालुओं को लुभा रहे थे। वसुदेव जब डलिया में बाल कृष्ण को डलिया में लेकर निकले तो उनकी एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ मच गई। श्रद्धालु कृष्णभक्ति में विभोर होकर नाच उठे। कथा वाचक ने कहा कि जीव जीवन भर अहंकार में जीता है, लेकिन जब अंत समय निकट आता है तो उसे भगवान याद आते हैं। जीवन भर किए गए पाप अंत समय की गुहार से नहीं कट सकते, इसलिए प्रतिपल भगवान का सुमिरन करते रहे, जिससे आप पाप कर्मों की ओर नहीं बढ़ेंगे और सत्कर्मों की प्रेरणा मिलती रहेगी। वामन भगवान की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि तीन पग यानि धर्म, अर्थ काम हैं, यदि इनका ठीक प्रकार से निवर्हन हो गया तो मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। राजा बलि के दान से प्रसन्न होकर भगवान वामन ने जब वरदान देने को कहा तो बलि ने कहा कि भगवन आते जाते बस आपके दर्शन हो जाएं, मुझे और कुछ नहीं चाहिए, इस तरह बलि ने भगवान को अपना द्वारपाल बना लिया। बलि बाद में इंद्र बनकर इंद्र के सिंहासन पर विराजमान हुए। अर्थात भगवान की कृपा जब मिलती है तो संसार के सारे सुख भक्त की झोली में आ जाते हैं।सायकालीन आरती कर कथा को विश्राम दिया गया व प्रसाद का वितरण किया गया।



इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी,अनुराग मिश्रा, जगदेव पटेल, शिवदत्त तिवारी, दीपक तिवारी,सविनय तिवारी, नरेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

**खबर संक्षेप**

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से बालक एवं युवती की फांसी लगाने से हुई मौत



**अनूपपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में 24 घंटे के मध्य दो अलग-अलग घटनाओं में बालक एवं युवती की मौत की सूचना पर पुलिस के द्वारा कार्यवाही की गई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना अनूपपुर से 15 किलोमीटर दूर स्थित बिजौड़ी गांव के यादव मोहल्ला निवासी राम नरेश यादव के 14 वर्षीय पुत्र रिसफ कुमार यादव जो शुक्रवार की शाम घर से कुछ दूर पर आम के पेड़ के नीचे आम का फल बीन रहा था इसी दौरान तेज आंधी पानी तूफान के साथ आकाशीय बिजली के आम के पेड़ में गिरने से चपेट में आने पर बालक की स्थल पर ही मृत्यु हो गई। वहीं अनूपपुर नगर के वार्ड क्रमांक 9 बिहारी कॉलोनी निवासी भारत राठौर के घर में किराए के कमरा लेकर कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत ग्राम केकरपानी निवासी पवन सिंह की 20 वर्षीय पुत्री गायत्री सिंह मार्को जो विगत दो वर्षों से अनूपपुर नगर में किराए का मकान ले कर अन्य चार सहेलियों के साथ रहकर अध्ययन कार्य कर रही है ने शुक्रवार एवं शनिवार की मध्य रात्रि किराए के मकान के कमरे में अज्ञात कारणों से अपने ही दुपट्टा से फांसी लगा ली दोनों घटना की सूचनाओं पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर दोनों मृतको के शव का परिजनों की उपस्थिति में पंचनामा कर जिला चिकित्सालय अनूपपुर में ड्यूटी डॉक्टर से शव का पीएम कराने बाद शव के कफन दफन हेतु परिजनों को सौंप कर घटना की जांच में ड्यूटी हुई है।

## हितग्राहियों को 30 जून तक ई-केवाईसी कराना अनिवार्य

**कटनी।** पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त करने वाले किसानो को 30 जून तक अपनीई-केवाईसी करवाना अनिवार्य है। भारत सरकार के द्वारा जारी नवीन निर्देश द्वारा पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु प्रति वर्ष बायोमेट्रिक के माध्यम से ई-केवाईसी की कार्यवाही सभी हितग्राहियों द्वारा कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। ई-केवाईसी की कार्यवाही बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन के माध्यम से सीएससी केन्द्र द्वारा, पीएम किसान एप के माध्यम से फेस रिकाग्निशन का उपयोग कर संबंधित हितग्राही अथवा वीएनओ द्वारा संपादित की जा सकती है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना (पीएमकिसान) के तहत पात्र हितग्राहियों को वर्ष में कुल राशि रूपये 6 हजार रूपये तीन समान किश्तों में प्रदान की जाती है।

### परोसी जा रही अवैध शराब, शाम ढलते ही जमती है महफिल

# मयखानों में तब्दील हुये एनएच 43 के ढाबे






### व्यापारी व सभ्य समाज के लोग परेशान

**अनूपपुर/कोतमा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अनेक गांवों में जहां अवैध शराब का व्यापार तेजी से पनप रहा है वही एनएच 43 कोतमा के बुढानपुर तिराहा, केशवाही तिराहा के आगे एचपी पेट्रोल पंप के आसपास स्थित ढावों में शाम ढलते ही शराबियों की महफिल जमती है और खुलेआम जाम से जाम छलकाये जाते हैं बिना किसी डर भय के ढाबा संचालक अवैध शराब का विक्रय कर रहे हैं और यहीं बैठकर शराबी खुलेआम शराबखोरी करते हैं। इस संबंध में अनेको बार स्थानीय आबकारी विभाग का ध्यान आकर्षित कराया गया परंतु इस ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया। बिना किसी भय के ये ढाबा संचालक खुलेआम अवैध शराब का विक्रय कर रहे हैं शाम ढलते ही इन संचालित ढाबो में शराबियों का हुजूम लगता है और खुलेआम महफिल जमा कर जाम से जाम छलकते हैं इसके बाद यहां लड़ाई झगड़ा व अन्य आपराधिक घटनाओं की शुरुआत होती है। नगर के प्रबुद्ध जनों ने इस ओर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से ध्यान देने की मांग की है।

### व्यापारी व सभ्य समाज के लोग परेशान

जहां एक ओर प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव द्वारा प्रदेश की जनता को नशा से मुक्ति दिलाने के लिए तरह-तरह के अभियान चलाए जा रहे हैं। जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं वहीं कोतमा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 सहित बस स्टैंड के आगे रिहायशी क्षेत्र मे सड़क किनारे शाम ढलते ही जमकर शराबखोरी हो रही है जिससे सभ्य समाज के लोगों का जीना दुश्वार हो गया है शराबियों द्वारा आए दिन खुलेआम शराबखोरी कर लड़ाई झगड़ा व समाज को शर्मसार कर देने वाली हरकतें की जाती है इनके आतंक से मुक्ति दिलाने हेतु अनेकों बार गांव का प्रबुद्ध समाज के द्वारा स्थानीय प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया परंतु इन शराबियों के ऊपर ठोस कार्यवाही न होने के कारण इनके हौसले बुलंद है। शाम ढलते ही यह शराबी जाम से जाम टकराते हैं चाय पान की होटल दुकाने शाम के वक्त मयखाने में तब्दील हो जाती हैं और यहां का वातावरण बहुत ही गंदा हो जाता है। इस दिशा में थाना प्रभारी से आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है।

### महिलाओं का घर से निकला मुश्किल

नगर के वार्ड क्रमांक 4 बस स्टैंड के आगे स्थित देशी अंग्रेजी कंपोजिट शराब दुकान को रिहायसी क्षेत्र से हटाए जाने को लेकर जिला कलेक्टर सहित जिला आबकारी अधिकारी को स्थानीय वासियों ने ज्ञापन देते हुए मांग की थी कि रिहायशी क्षेत्र में शराब दुकान होने के कारण घरों के आसपास छोटे-छोटे कई होटल संचालित है जिसमें सुबह से लेकर देर रात तक शराब खोरी के साथ ही लड़ाई झगड़ा करते हुए गाली गलौज किया जाता है यहां तक कि महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल है इन शराबियों एवं असामाजिक तत्वो के द्वारा महिलाओं को देखकर छींटाकशी की जाती है। जिसके कारण महिलाओं का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। ज्ञापन के माध्यम से देसी अंग्रेजी कंपोजिट शराब दुकान को अन्य हटाए जाने की मांग भी की गई थी लेकिन प्रशासन के द्वारा उन मांगों पर आज तक ध्यान नहीं दिया गया जिसके कारण आसपास के रहवासी परेशान है।

## रात भर चार हाथियों ने पगना एवं बेलियां में मचाया हंगामा





### ग्रामीणों के तोडे मकान, खेतों में खाया फसल, सब्जी,

### ग्रामीणो ने वन विभाग के गस्ती दल पर हाथियों से दूर-दूर रहने का लगाया आरोप

### तहसीलदार ने किया स्थल का निरीक्षण

**अनूपपुर।** चार हाथियों का समूह शुक्रवार के दिन में जंगल में रहने बाद शाम रात होते ही जंगल से लगे पगना एवं बेलिया गांव के विभिन्न टोला, मोहल्ले में पहुंचकर ग्रामीणों के घरों में तोड़फोड़ कर खेत एवं बांड़ी में लगे विभिन्न तरह की फसलों एवं सब्जियों को अपना आहार बनाते हुए शनिवार की सुबह फिर से गोबरी बीट के जंगल में विश्राम करने चले गए पगना एवं बेलिया गांव के ग्रामीणों ने हाथियों के निगरानी के लिए लगे गस्ती दल के सदस्यों पर कई घंटो बाद स्थल पर पहुंचने स्थल पर पहुंचने बाद एक दो कर्मचारियों को छोड़ बाकी अधिकारी कर्मचारी हाथियों द्वारा तोड़े जा रहे कच्चे मकानो से काफी दूर रहकर तमाशा देखने का आरोप लगाया है वहीं शनिवार की दोपहर अनूपपुर तहसीलदार में हाथियों द्वारा तोड़े गए ग्रामीणों के मकान एवं खेतों में किए गए नुकसान का पटवारी के साथ स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण करते हुए तत्काल राहत प्रकरण तैयार करने तथा ग्रामीणों को जल्द ही राहत राशि दिए जाने की बात कही। चार हाथियों का समूह शुक्रवार के दिन जैतहरी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत, ग्राम एवं वन बीट गोबरी के झुरहीतलैया नामक जंगल में दिन बिताने बाद देर शाम एवं रात होते ही वन परिक्षेत्र अनूपपुर के दूधमनिया बीट अंतर्गत शक्तिकुंडी नामक जंगल से ग्राम एवं ग्राम पंचायत पगना के जल्दाटोला, बेलियाकछरा में देर रात तक विचरण करते तिपान नदी पार कर अनूपपुर तहसील एवं वन परिक्षेत्र के ग्राम पंचायत छुलहा अंतर्गत बेलिया गांव पहुंचकर संग्राम कोल, प्रफूल्य महता, महेश कोल, सुरेश प्रसाद कोल, सुकांति कोल के घरों में तोड़फोड़ कर खेत एवं बाडियों में लगे विभिन्न तरह के फसलों को अपना आहार बनाते हुए शनिवार की सुबह दूसरे दिन शक्तिकुंडी एवं झुरहीतलैया के जंगल में पहुंचकर दिन में विश्राम कर रहे हैं। हाथियों द्वारा किए गए नुकसान पर अनूपपुर तहसीलदार वेद प्रकाश सिंह, हल्का पटवारी श्रीमती प्रियंका सोनी, वन्यजीव संरक्षक शशिधर अग्रवाल एवं अन्य के साथ स्थल पर पहुंचकर हाथियों के समूह द्वारा किए गए नुकसान का निरीक्षण करते हुए तत्काल नुकसानी राहत प्रकरण तैयार कराते हुए ग्रामीणों को शीघ्रता से राहत राशि दिए जाने का की बात कही इस दौरान ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए बताया कि विगत रात अचानक हाथियों का समूह पड़ोस की पगना गांव से तिपान नदी पार कर बेलिया गांव के विभिन्न मोहल्ला में पहुंच घरो में तोड़फोड़ कर एवं फसलों का नुकसान किया हाथियों के आने की सूचना वन विभाग या अन्य किसी ने ग्रामीणों को समय पर नहीं दिए जाने से कई ग्रामीण हाथियों के अचानक घर एवं घर के पास आ जाने से घर के अंदर ही फंसे रहकर डरे सहमे स्थिति में रहे हैं। वही वन विभाग का गश्ती दल जिसकी हाथियों पर निगरानी रखते हुए ग्रामीणों को सतर्क एवं सचेत किए जाने की जिम्मेदारी रही है के द्वारा समय रहते ग्रामीणों को किसी भी तरह की सूचना नहीं दी वही हाथियों के आने पर बहुत देर बाद गश्ती दल के सदस्य नुकसान स्थल पर पहुंचे लेकिन एक दो कर्मचारियों को छोड़ गस्ती दल के बाकी सदस्य घटना स्थल से बहुत दूर खड़े रहकर हाथियों द्वारा किए जा रहे ग्रामीणों के नुकसान का तमाशा देखते रहने का आरोप लगाया है।

## पासपोर्ट नागरिकता का प्रमाण नहीं तो फिर क्या है?-वरुण चटर्जी

### सोशल मीडिया के माध्यम से उठाया नागरिकता प्रमाण का सवाल, वैधानिक रिकॉर्ड स्पष्ट करने की मांग



**अनूपपुर।** भारतीय गणवर्ता भगवा पार्टी के जिला महामंत्री वरुण चटर्जी ने सोशल मीडिया के माध्यम से भारत सरकार से नागरिकता के वैधानिक प्रमाण को लेकर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि यदि पासपोर्ट को भी नागरिकता का अंतिम प्रमाण नहीं माना जाता, तो आम नागरिक के लिए यह जानना आवश्यक है कि आखिर ऐसा कौन-सा वैधानिक दस्तावेज या सरकारी रिकॉर्ड है, जो उसकी भारतीय नागरिकता को सिद्ध करता है। वरुण चटर्जी ने अपने सोशल मीडिया संदेश में लिखा कि यदि कोई भारतीय नागरिक विदेश में किसी संकट की स्थिति में यह कहे कि उसके पास भारतीय पासपोर्ट है, और वहां यह कहा जाए कि स्वयं भारत में पासपोर्ट को नागरिकता का प्रमाण नहीं माना जाता, तो ऐसी स्थिति में नागरिक अपनी भारतीय नागरिकता किस आधार पर सिद्ध करेगा। उन्होंने प्रश्न उठाते हुए कहा कि यदि पासपोर्ट भी नागरिकता का प्रमाण नहीं है, तो आखिर वह कौन-सा वैधानिक प्रमाण या सरकारी रिकॉर्ड है, जिससे कोई व्यक्ति यह साबित कर सके कि वह भारत का नागरिक है? उन्होंने सरकार से इस विषय पर स्पष्ट और आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक करने की मांग करते हुए कहा कि नागरिकता जैसे महत्वपूर्ण विषय पर भ्रम की स्थिति नहीं रहनी चाहिए। आम नागरिक को यह जानकारी होना आवश्यक है कि भारतीय कानून के अनुसार नागरिकता सिद्ध करने के लिए कौन-कौन से वैधानिक आधार और दस्तावेज मान्य हैं। वरुण चटर्जी ने कहा कि उनका उद्देश्य किसी प्रकार का विवाद खड़ा करना नहीं, बल्कि नागरिकों के मन में मौजूद इस महत्वपूर्ण प्रश्न का स्पष्ट उत्तर प्राप्त करना है, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो।

## बीवी श्रीनिवास बने कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष



**अनूपपुर।** युवा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास को अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल का राष्ट्रीय मुख्य संगठक (अध्यक्ष) नियुक्त किए जाने पर अनूपपुर जिला कांग्रेस सेवादल में भारी उत्साह और हर्ष का माहौल है। इस गरिमामयी नियुक्ति पर जिले के प्रमुख पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई प्रेषित की है। बधाई देने वाले मुख्य पदाधिकारियों में शामिल हैं डॉ. एहसान अली अंसारी (अध्यक्ष, जिला कांग्रेस सेवादल, अनूपपुर), मो. सफीर मंसूरी (अध्यक्ष, यंग ब्रिगेड), संध्या वर्मा (संभागीय प्रभारी, महिला सेवादल) इसके साथ ही सेवादल के तमाम वरिष्ठ नेताओं और प्रमुख पदाधिकारियों ने भी इस निर्णय का स्वागत करते हुए संयुक्त रूप से बधाई दी, जिनमें मुख्य रूप से राम सजीवन गौतम, प्रदीप मिश्रा, संतोष कुमार राठौर, कोमल सिंह, मो. इमरान अंसारी, रवीन्द्र सुरवाड़िया, पुरुषोत्तम कनौजिया, वसीम खान, रूपेश चन्द्रा, जगदीश सिंह, मोहन सिंह, गंगा उइके, नरेन्द्र सिंह, जमुना कोल, सम्पत लाल, प्रसादी सिंह, संतोष सिंह, प्रवीण मिश्रा, मनोहर जायसवाल एवं दिनेश अहिरवार आदि शामिल हैं। सभी पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विश्वास जताया है कि बीवी श्रीनिवास के ऊर्जावान और कुशल नेतृत्व में कांग्रेस सेवादल पूरे देश में एक नई क्रांति के साथ उभरेगा और संगठन को जमीनी स्तर पर एक नई मजबूती और दिशा मिलेगी।

## कांग्रेस सेवादल की प्रादेशिक बैठक में जनसेवा एवं जनआंदोलन को लेकर व्यापक कार्ययोजना तैयार



**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल की प्रादेशिक बैठक 25 जून को भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अवनीश भार्गव ने की। बैठक में मध्यप्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी संजय दत्त, मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रभारी प्रताप नारायण मिश्रा, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता पीसी. शर्मा, सेवादल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र जोशी, राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रभारी लालजी मिश्रा, संगठन प्रभारी संजय कांबले, यंग ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष गजानंद तिवारी सहित प्रदेश एवं जिला स्तर के अनेक पदाधिकारियों ने संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। बैठक में प्रदेशभर में कांग्रेस सेवादल को जनसेवा और जनआंदोलनों के माध्यम से और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया। इसके अंतर्गत सदस्यता अभियान में तेजी लाने, प्रत्येक जिले में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने, अगस्त माह में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगाने, नवंबर माह में प्रादेशिक प्रशिक्षक सम्मेलन आयोजित करने, जिला एवं ब्लॉक स्तर की समितियों का विस्तार करने तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही गांधी की पाठशाला, सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ (जल सेवा), ध्वज वंदन, रवि मिलन कार्यक्रम, रक्तदान, स्वच्छता अभियान एवं विभिन्न जनसेवा गतिविधियों को प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर नियमित रूप से संचालित करने की रूपरेखा तय की गई। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि कांग्रेस सेवादल जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं के समाधान हेतु संघर्ष और सेवा दोनों की भूमिका को मजबूती से निभाएगा। बैठक में अनूपपुर जिले का प्रतिनिधित्व जिला सेवादल अध्यक्ष डॉ. एहसान अंसारी, यंग ब्रिगेड जिला अध्यक्ष मोहम्मद सफीर मंसूरी एवं अजय सिंह ने किया। प्रतिनिधिमंडल ने बैठक में सक्रिय सहभागिता करते हुए प्रदेश नेतृत्व से संगठन को मजबूत बनाने और जनसेवा कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## सुविधा शुल्क के सहारे कोयले की कथित छंटाई का खेल?






### राजनगर रोड सेल यार्ड में करोड़ों के नुकसान की आशंका

### राजनगर रोड सेल यार्ड में सुविधा शुल्क का खेल, प्रति ट्रक 4,500 रुपये तक वसूली के आरोप,

### बेहतर गुणवत्ता का कोयला दिलाने के नाम पर चुनिंदा वाहनों को कथित लाभ, जांच की मांग तेज

**अनूपपुर।** एसईसीएल हसदेव क्षेत्र के राजनगर स्थित रोड सेल स्टॉक यार्ड में कोयले की लोडिंग व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं स्थानीय ट्रांसपोर्टरों और कोयला कारोबार से जुड़े लोगों ने आरोप लगाया है कि यार्ड में कथित रूप से सुविधा शुल्क लेकर बेहतर गुणवत्ता वाले कोयले की अलग से व्यवस्था की जा रही है, जिससे एसईसीएल को करोड़ों रुपये के राजस्व नुकसान की आशंका है मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है और निष्पक्ष जांच की मांग उठने लगी है। सूत्रों के अनुसार रोड सेल यार्ड में कुछ ट्रांसपोर्टरों से प्रति ट्रक 4 हजार से 4,500 रुपये तक सुविधा शुल्क लिए जाने की चर्चा है आरोप है कि यह राशि देने वाले वाहनों के लिए निजी मजदूरों अथवा छोटी मशीनों की मदद से बड़े और बेहतर गुणवत्ता वाले कोयले को अलग कर लोड कराया जाता है वहीं सुविधा शुल्क नहीं देने वाले उपभोक्ताओं को अपेक्षाकृत अधिक मिट्टी, पत्थर और निम्न गुणवत्ता वाला कोयला उपलब्ध कराए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। ट्रांसपोर्टरों का दावा है कि इस पूरी व्यवस्था में रोड सेल इंचार्ज की भूमिका महत्वपूर्ण है जो ट्रांसपोर्टरों से या ट्रक मालिकों से सीधा पैसा ना लेकर प्राइवेट व्यक्ति को रखा गया है जो कि पैसे की वसूली करके इनको देता है कुछ लोगों का यह भी आरोप है कि सुविधा शुल्क की राशि केवल यार्ड स्तर तक सीमित नहीं रहती, बल्कि गेट पास से लेकर ऊपर तक पहुंचने की बात कही जाती है हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है और संबंधित अधिकारियों की ओर से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। जानकारों का मानना है कि रोड सेल व्यवस्था में कोयले की गुणवत्ता का सीधा संबंध उसकी आर्थिक कीमत से होता है यदि उच्च गुणवत्ता वाले कोयले को अलग कर चुनिंदा लोगों को लाभ पहुंचाया जा रहा है, तो इसका सीधा असर कंपनी के राजस्व पर पड़ सकता है। साथ ही यह पूरी व्यवस्था की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े करता है।

हाल ही में सामने आई तस्वीरों में यार्ड परिसर में बड़े आकार के कोयले को अलग-अलग ढेरों में रखा हुआ दिखाई दे रहा है इन तस्वीरों के सामने आने के बाद पूरे मामले ने और तूल पकड़ लिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह प्रक्रिया नियमों के तहत संचालित हो रही है तो इसकी स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए, वहीं यदि अनियमितताएं हो रही हैं तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई होना आवश्यक है। मामले को लेकर पहले भी संबंधित प्रबंधन की ओर से किसी प्रकार की अवैध छंटाई से इनकार किया जा चुका है। अधिकारियों का कहना है कि यदि जांच में कोई व्यक्ति नियमों के विरुद्ध गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि यार्ड में कथित रूप से खुलेआम छंटाई और सुविधा शुल्क का खेल चल रहा है तो इसकी जानकारी जिम्मेदार अधिकारियों तक क्यों नहीं पहुंची, और यदि पहुंची है तो अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई। क्षेत्र के लोगों और ट्रांसपोर्टरों ने पूरे मामले की पारदर्शी एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है, ताकि आरोपों की सच्चाई सामने आ सके और राजनगर रोड सेल स्टॉक यार्ड की कार्यप्रणाली को लेकर उठ रहे सवालों का जवाब मिल सके। क्षेत्र के लोगों, ट्रांसपोर्टरों एवं उपभोक्ताओं ने हसदेव क्षेत्र के महाप्रबंधक मनोज कुमार बिश्नोई से पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जांच में किसी अधिकारी, कर्मचारी अथवा अन्य व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। शिकायतकर्ताओं का मानना है कि समय रहते प्रभावी कार्रवाई होने से कोल इंडिया एवं एसईसीएल को संभावित आर्थिक क्षति से बचाया जा सकेगा तथा रोड सेल व्यवस्था में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित हो सकेगी।